Re: Rejuvenation of Satna and Tamas Rivers-laid

श्री गणेश सिंह **(सतना):** देश के अंदर भारत सरकार ने कई नदियों को प्रदूषण मुक्त कराने एवं उनके संरक्षण हेतु कार्यक्रम चलाये हैं । नमामि गंगे अभियान के तहत उसकी सहायक नदियों के संरक्षण हेतु विगत कई वर्षों से अनेक परियोजनाओं को पूरा भी किया गया है । गुजरात में साबरमती नदी के संरक्षण हेतु जो कार्य किया गया है, उसकी चर्चा देश भर में हो रही है । मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना के मुख्यालय के समीप से सतना नदी एवं टमस नदी प्रवाहित होती है, दोनो नदियां चकदही गांव में मिलती है, यह क्षेत्र सतना शहर के बॉर्डर में है, दोनो नदियां अत्यंत प्रदूषित हैं, ये टमस नदी आगे जाकर गंगा नदी में मिलती है । मेरी सरकार से मांग है कि सतना एवं टमस नदी जो सतना शहर के बार्डर में है, उनके संरक्षण हेतु एक विशेष परियोजना की स्वीकृति दी जाय ।